भूतपूर्व मंत्रियों द्वारा सरकारी आवास का खाली किया जाना

822. श्रीमती रत्न कुमारी : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सभी भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्रियों को सरकारी आवास खाली करने के नोटिस जारी कर दिये हैं; और

(ख) यदि हां, तो उन भूतपूर्व मंत्रियों के नाम क्या हैं जिन्होंने अब तक सरकारी आवास खाली कर दिये हैं ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) कांग्रेस (आई) और जनता दल सरकारों के सभी भूतपूर्व मंत्रियों के पास के आवंटन का निरसन नियमानुसार क्रमशः 2.1.90 और 10.12.90 से किया गया था । इसी तरह, समाजवादी जनता पार्टी सरकार के भूतपूर्व मंत्री, जो संसद सदस्य की हैसियत से अयोग्य ठहराए गए थे, के कब्जे वाले वास के आवंटन का निरसन 22.3.91 से किया गया था । समाजवादी जनता पार्टी सरकार के अन्य भूतपूर्व मंत्री नई सरकार बनने के एक माह की अवधि अर्थात् 20.7.91 तक, नियमों की ग्राह्यतानुसार आवास रखने के लिए हकदार थे । शहरी विकास मंत्री ने बंगले खाली करने के लिए भूतपूर्व मंत्रियों के साथ मामले को उठाया है ।

(ख) श्री भजन लाल और श्री जे. वेंगलराव, भूतपूर्व मंत्रियों ने अपने कब्जे वाले आवास को खाली कर दिया है ।

Wrong water billing in Delhi

823. SHRI SANTOSH BAGRODIA : Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government receive continuous complaints for wrong bills for water supply in Delhi;

(b) if so, what are the reasons therefor; and

(c) what steps Government propose to take to improve the situation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) and (b). New Delhi Municipal Committee has reported that there are no such complaints received by them. Delhi Water Supply and Sewerage Disposal Undertaking (DWS and SDU) has reported in affirmative the receipt of individual complaints. Out of 30 lakh bills issued during 1990-91 only 20,352 complaints i.e. less than 1 per cent of the bills issued, were received. Out of these complaints, 20,295 were disposed off till 31st March, 1991.

The complaints are mostly of the following nature :

(i) Defective water meters;

(ii) Calculation mistakes;

(iii) Assessment of average consumption in case of defective meters;

(iv) Change of category because of different uses.

(v) Computerise Billing.

(c) DWS and SDU have issued standing instructions to attend to such complaints promptly. The disposal of such complaint is monitored at the level of Director of Revenue (Water) and Revenue Officers. Replacement of defective I water meters has also been accelerated. In order to streamline the accounts of individual consumers, computerised system of water billing has been postponed.

रेल सेवाओं में गिरावट

824. श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि गत 18 महीनों के दौरान रेलवे के सभी डिवीजनों में समय की पाबन्दी, आरक्षण और रखरखाव संबंधी रेल सेवाओं में गिरावट आयी है; और